RAMADHIN COLLEGE

Shiekhpura – 811105 (Bihar)

(A Constituent Unit of Munger University, Munger)

Est. 1969

Email id: nss@rdcollege.ac.in | Website: www.rdcollege.ac.in

Media Cell office

Ref. No ………… ***Date ……………***

प्रेस विज्ञप्ति

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एनएसएस द्वारा रैली एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

शेखपुरा, 31 मई 2026।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), रामाधीन महाविद्यालय, शेखपुरा द्वारा जागरूकता रैली एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से जागरूकता रैली के साथ हुआ। स्वयंसेवकों ने "तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो", "नशा मुक्त भारत, स्वस्थ भारत" आदि नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरी।

इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मोहम्मद शहाब उद्दीन ने तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवलता ने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में गुलशन कुमार, जिज्ञास कुमार, विक्की कुमार, धीरज कुमार, संतोष कुमार, श्रेया कुमारी, रंजीत कुमार, नीरज कुमार आदि स्वयं सेवक एवं सेविका ने भाग लिया । कार्यक्रम का समापन तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

Media Cell Co-ordinator

(Dr. Navlata)